स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

फा०सं० : भाखेप्रा/रा०भा०/नराकास /3085/2024-25 / 10 से 90

दिनांक : 08.4.2025

**सेवा में,**

**सभी कार्यालय प्रमुख,**
**सदस्य कार्यालय, नराकास,**
**दक्षिण दिल्ली – 2**

**विषय :- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) दक्षिण दिल्ली-2 की पाँचवी बैठक के आयोजन के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषय के संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि नराकास (दक्षिण दिल्ली 2) की आगामी बैठक मई माह, 2025 में महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित की जानी प्रस्तावित है।

इस संबंध में, समिति के सभी नोडल कार्यालयों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित कार्यालयों समूहों से यथाशीघ्र **31 मार्च, 2025 की समाप्त छमाही रिपोर्ट (अक्टूबर,2024 से दिसम्बर,2024 तथा जनवरी,2025 से मार्च, 2025 तक की दोनों तिमाहियों की समेकित रिपोर्ट)** निर्धारित नए प्रपत्र में भरकर **दिनांक 28 अप्रैल, 2025 तक** मंगवाए तथा अविलम्ब इसकी समीक्षा रिपोर्ट अध्यक्ष कार्यालय को प्रेषित करें।

सभी सदस्य कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने नोडल कार्यालयों को समय पर अपनी छमाही रिपोर्ट भेजें तथा अपने नोडल कार्यालय को समुचित सहयोग प्रदान करें जिससे कि नराकास की आगामी बैठक में समीक्षात्मक रिपोर्टों पर चर्चा की जा सके।

इसके अलावा, यह भी अनुरोध है कि अपने कार्यालयों में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग से संबंधित 2 से 3 मिनट की विडियो भी अध्यक्ष कार्यालय को प्रेषित करें ताकि चयनित वीडियो को बैठक के दौरान दिखाया जा सके।

बैठक की तिथि शीघ्र ही सूचित की जाएगी।

इसे सचिव,भा.खे.प्रा.के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

आशा 8/4/25

**आशा**
**उपनिदेशक/सदस्य सचिव,नराकास**

जारी.......

260

**प्रतिलिपि :**

1. सभी नोडल कार्यालय प्रमुख, नराकास (दक्षिण दिल्ली-2) - सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु
2. महानिदेशक, भाखेप्रा के उप निदेशक
3. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
4. निदेशक (कार्यान्वयन),एन.डी.सी.सी. II बिल्डिंग,जय सिंह रोड,-नई दिल्ली-01 को सूचना एवं बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु पहले से ही अनुरोध किया जाता है।
5. श्री कुमार पाल शर्मा, संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दि.) तृतीय तल, त्रिकुट-II भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पूरम, नई दिल्ली - 66
6. सहायक निदेशक, आई. टी. प्रभाग भाखेप्रा, मुख्य कार्यालय से अनुरोध है कि इस पत्र को नराकास टैब पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. मास्टर फाईल